अग्रवाल महाविद्यालय में इतिहास विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय में दिनांक 27–08–2019 को सभागार में इतिहास विभाग के द्वारा एक अंतःमहाविद्यालय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था – **"सुभाष चन्द्र बोस का जीवन और उनका भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान"** जिसमें महाविद्यालय के बी.ए. प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राओं की चयनित अलग–अलग टीमों ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निशा, सोनम बी.ए. द्वितीय वर्ष की टीम रही वहीं अंजु, प्रीति बी.ए. तृतीय वर्ष की टीम द्वितीय स्थान पर तथा सुभाष, राजेश बी.ए. तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त जी ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विद्यार्थियों में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास को जानने में सहायक के साथ–साथ सहयोग की भावना को भी प्रबल बनाती है और मिलकर कार्य करना सिखाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को महापुरूषों के तप, त्याग, संघर्ष व बलिदान से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह द्वारा विद्यार्थियों को सुभाष चन्द्र बोस और उनके स्वतन्त्रता आन्दोलन में योगदान का ज्ञान कराया और कहा भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन में लाखों लोगों ने भाग लिया था जिनमें से कुछ अपनी योग्यता व कुर्बानी से भारतीय इतिहास में अपना नाम भी अमर कर गए। अन्त में इतिहास विभाग की प्रवक्ता सुश्री सुप्रिया

ढांड़ा ने उपस्थित सभी जन का धन्यवाद किया ।